# गजेंद्र सिंह शक्तावत की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हुए विविध आयोजन

- भीण्डर में 170 यूनिट ,उदयपुर मे 75 यूनिट हुआ रक्तदान
- निशुल्क चिकित्सा शिविर भीण्डर में 158 मरीज व कानोड निशुल्क नेत्र परीक्षण में 202 मरीज पहुचें

**भीण्डर/उदयपुर** । वल्लभनगर विधानसभा से कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक स्व. गजेंद्र सिंह शक्तावत की चौथी पुण्यतिथि पर वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के कानोड, भीण्डर, भटेवर के अलावा उदयपुर शहर, बडगांव, ढीकली में विविध आयोजन हुए। जिसमें पहुंचे सैकडों लोगों ने स्व.गजेंद्र सिंह शक्तावत को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने सोशल मीडिया पर मैसेज पोस्ट करके स्व.गजेन्द्र सिंह शक्तावत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान पूर्व विधायक प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने कहा कि ये सभी कार्यकर्ताओं का स्व.गजेन्द्र सिंह शक्तावत के प्रति प्रेम हैं जो रक्तदान करके उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। मैं और मेरा परिवार विधानसभा परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए हर समय तैयार खडा मिलेगा। इस दौरान सभी ने स्व. गजेन्द्र सिंह शक्तावत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके याद किया।

स्व.गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय भीण्डर में जीबीएच जनरल हॉस्पीटल और गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ।

जिसमें 158 मरीज पहुंचे, जिनका डॉ. महेश शर्मा, डॉ. अनिता कुंवर देवडा की टीम ने बीपी, शुगर जांच साथ ही आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। 46 मरीजों का उदयपुर में निशुल्क जाचों एंव उपचार के लिए चयन किया जिनका वहां पर उपचार होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कानोड में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तारा संस्थान उदयपुर एवं गज गुलाब सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर आयोजित हुआ जिसमें 202 मरीज पहुंचें संगीता देवडा सहित टीम ने इस दौरान शिविर में 35 मरीजो का मोतियाबिन्द आपरेशन के लिये चयन किया गया जिनका निःशुल्क आपरेषन होगा इस दौरान 200 मरीजो को चश्मे वितरित किये ।

गज गुलाब सेवा ट्रस्ट एंव जीकेएस एकेडमी व ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर स्थित स्वागत वाटिका के सामने सेक्टर 3 स्थित जीकेएस एकेडमी परिसर में रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें 75 यूनिट रक्तदान हुआ इस दौरान गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विध्यंराज सिंह शक्तावत सहित कई युवा उपस्थित रहे।

कीर्तिशेष गुलाब सिंहशक्तावत मूर्ति स्थल रामपोल बस स्टैंड भीण्डर पर सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर प्रारम्भ हुआ जिसमें 170 यूनिट रक्तदान हुआ इस दौरान युवाओ सहित काग्रेस कार्यकर्ताओ एंव पदाधिकारीयो ने रक्तदान शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में भीण्डर, कानोड, वरणी, बरोडिया, कुंथवास, भटेवर, वल्लभनगर, दरोली, मेनार, चारगदिया, खेरोदा, लूणदा, पीथलपुरा सहित कई गावो से रक्तदान करने पहुचे। कई युवा मुम्बई,सागवाडा, दिल्ली से भी रक्तदान करने पहुचे। युथ काग्रेस , एनएसयुआई के कार्यकर्ताओ ने भी सक्रियता दिखाई। इस दौरान पुर्व विधायक वल्लभनगर प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत, देहात जिलाध्यक्ष कचरु लाल चौधरी, डा दरियाव सिंह ,पुर्व प्रधान करण सिंह कोठारी, नगर काग्रेस अध्यक्ष सुन्दर लाल लिखमावत, ब्लॉक महामंत्री बंशी लाल चौबीसा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष माधव लाल अहीर, विधानसभा युथ काग्रेस अध्यक्ष गोपाल लाल जाट, समाजसेवी अशोक चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज मीणा, चन्द्रप्रकाश मेनारिया, मण्डल अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा, संपतलाल सुथार, चंदु जोशी, विजयप्रकाश पाटीदार, मांगीलाल जाट, वालूराम गायरी, हमेरसिंह, वल्लभनगर नगर कांग्रेस अध्यक्ष लच्छीराम गुर्जर, कानोड अध्यक्ष सुनील शर्मा, समाजसेवी नाथुलाल दक, राजु सोमानी, भगवान लाल अहीर, अंबालाल गांगावत, पार्षद सलीम मोहम्मद मंसुरी, लता चौबीसा, सुमन लक्षकार सहित कई जनप्रतिनिधि , पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विध्यंराज सिंह शक्तावत ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडगांव उदयपुर में 60 स्वेटर वितरित की। ढीकली क्षैत्र में 100 अनाथ बच्चो को भोजन करवाया गया ।

## सेना मे भर्ती होने बारे में जानकारी दी

**भीम।** उपखंड मुख्यालय स्थित राउमावि में 5 राज इंडेप कंपनी भीलवाड़ा से लेफ्टीनेट कर्नल शैलेन्द्र सिंह राठौड़ के निर्देश पर सुबेदार विनोद कुमार विद्यार्थियों को भारतीय सेना के बारे में जानकारी दी। इसमें प्रवेश के लिए एनसीसी के माध्यम से कैसे जाते है बताया । जूनियर डिविजन के एनसीसी कैडट को ड्रील कराया । ड्रील के प्रकार बताए । सावधान , विश्राम , दाए मुड़, बाए मुड़, समिक्षा क्रम में मध्य से तेज चल , पिछे मुड़ कराया । सैल्यूट का अभ्यास कराया तथा सैल्यूट के प्रकार सामने सैल्यूट , दाए बाए सैल्यूट, चलते चलते सैल्यूट, पत्र के साथ सैल्यूट करना सीखने के साथ ही क्लोज ड्रील, ओपन ड्रील के बारे में बताया । एनसीसी का सामान्य परिचय , ए सर्टिफिकट परीक्षा के मुख्य प्रश्नों के बारे में बताया । स्थानीय विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर ओम सिंह पंवार ने बताया कि प्रथम वर्ष में68 व द्वितीय वर्ष में32 कैडट है। प्रथम वर्ष के 13 कैडट छात्राएं भर्ती कि गई । किशन सिंह राठौड़ पुस्तकालय अध्यक्ष, महेश गुर्जर, अखिलेश गर्वा, विरेन्द्र सिंह, पंकज उपाध्याय , गणपत सिंह प्राध्यापक , गौरव दामेर, आयुष्मान तिवारी, संजय सालवी, दीपक चौधरी , भवानी सिंह चारण , दिनेश प्रजापत उपस्थित थे ।

## सार-समाचार

### एन.सी.सी.सार्जेंट मनन को रक्षा मंत्री प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**उदयपुर,** । उदयपुर के निवासी और 36 महाराष्ट्र बटालियन के कैडेट सार्जेंट (एसजीटी) मनन शर्मा को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रतिष्ठित रक्षा मंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। मनन देश के एकमात्र जूनियर डिवीजन (जेडी) कैडेट हैं जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है। यह उनके नवाचार, नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। मनन की उपलब्धियों में उनका अभिनव प्रोजेक्ट एस्ट्रोबॉट विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खगोल विज्ञान को सरल और सुलभ बनाने के लिए डिजाइन किया गया यह ऐप रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2025 के दौरान आइडिया एंड इनोवेशन प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया गया था और इसे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) द्वारा सराहा । इसके अलावा, मनन ने इसरो के युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका) में भाग लेकर अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में गहन अनुभव प्राप्त किया। सम्मान प्राप्त करने पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए मनन ने कहा, यह पुरस्कार मेरे एनसीसी प्रशिक्षकों, मेरे माता-पिता-विशेष रूप से मेरे पिता और मां-मेरे स्कूल, जेवीपी गेवेल क्लब और साथियों के अटूट समर्थन का प्रमाण है।

### दुधारू पशुओं का होगा निःशुल्क बीमा

**बांसवाड़** । राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना जिसमें योजनान्तर्गत पशुपालकों को अपने दुधारू दो गाय/भैंस का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है जिसमें प्राकृतिक आपदा, महामारी या दुर्घटना के कारण पशुधन के नुकसान पर आर्थिक मदद करने के लिए योजना शुभारंभ की है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सिंह भाटी ने बताया बीमा योजना पंजीकरण में लक्ष्य के अनुरूप बांसवाड़ा जिला 60 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। यह क्रम बना रहे इसके लिए समस्त पशु चिकित्सा संस्था प्रभारियों/मोबाईल वेटनरी यूनिट 1962 को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पशु पालकों को प्रेरित कर बीमा हेतु पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालक मंगला पशु बीमा मोबाईल एप पर भी स्वयं अपने स्तर पर कर सकते है।सहायक सूचना अधिकारी श्री ललीत कुमार आचार्य ने बताया कि मंगला पशु बीमा योजना का पंजीकरण 22 जनवरी तक पंजीकरण किया जा रहा है जिसमें दुधारू गाय/भैंस, बकरा-बकरी, भैड़ एवं ऊंट का बीमा किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने निकट के पशु चिकित्सा संस्थाओं से सम्पर्क कर बीमा संबंधी जानकारी प्राप्त कर बीमा करावें।

### गुलाब शंकर बने अध्यक्ष

**राजसमन्द** । श्रीमाली ब्राह्मण समाज नाथद्वारा की चारों ईकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमाली ब्राह्मण समाज मेवाड़ संस्थान नाथद्वारा के अध्यक्ष गुलाब शंकर दुर्गावत कि अध्यक्षता में आम बैठक का आयोजन रविवार को सुखाड़िया नगर स्थित भवन में किया गया जिसमें समाज के भवन का शुल्क निर्धारित करना एवं व्याप्त कुरीतियों को समाज में बदलाव किया जाना तय किया गया प्रवक्ता योगेश श्रीमाली ने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी प्रतिबंध में प्री वैडिंग पूर्णतया बन्द हल्दी, मेहंदी पर कोई कार्यक्रम नहीं होंगे केवल परिवार स्तर पर होंगे सावन में लहरियां ओढ़ाने की पंरपरा नगर स्तर पर बंद की गई, ग्रह शांति ,गुह प्रवेश ,सुरज, मुंडन, रिटायर्डमेन्ट सहित शादी विवाह ओर शोक पत्रिका ई कार्ड द्वारा मोबाईल पर स्वीकार की जाये समाज के शिक्षा विद हरिवल्लभ ने युवाओं से आ ान किया कि फिजुल खर्ची रोककर बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाई जाए जो समाज को गौरवान्वित करने का कार्य करे सभी माता पिता से निवेदन किया कि बच्चों को संस्कार वान बनाएं जाने पर जोर दिया बैठक को संबोधित करते हुए परमेश्वर,त्रिलोक दशोत्तर,खेमशंकर,युगल,चन्द्रप्रकाश उनवास,हेमेंद्र लाला,दीपक सहित अन्नेय वक्ताओ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने पर अपने विचार व्यक्त किये एवं द्वितीय तल पर निर्माण करवाने वाले सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया व मुख्य निर्वाचन अधिकारी जियालाल ने संस्थान के चुनाव निर्विरोध करवाएं जिसमें सर्वसम्मित से अध्यक्ष पद पर गुलाब शंकर दुर्गावत कार्यवाहक अध्यक्ष रामचन्द्र परागोत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर त्रिवेदी, उपाध्यक्ष सुभाषचन्द्र,ईन्दरलाल,प्रतुल श्रीमाली उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव अशोक श्रीमाली ने किया ।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उदयपुर** । महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की परियोजना मेवाड क्षेत्र की परंपरागत फसलों के प्रसंस्करणों का उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र (उदयपुर-द्वितीय), वल्लभनगर में दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसका विषय मिलेट प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन व हल्दी एवं अदरक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मोटे अनाज (मिलेट्स) और हल्दी एवं अदरक के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम को अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविन्द वर्मा ने किसानों तथा महिलाओं के लिए लाभदायक बताया। वहीं दूसरी ओर, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. कमला महाजनी ने प्रशिक्षण में दी जाने वाला जानकारीकेविषय में बताया की मिलेट प्रसंस्करण और अदरक एवं हल्दी प्रसंस्करण से महिलाओ में रोजगार के साधन उत्पन्न होंगे जिससे वे अपना लघु उद्योग स्थापित कर सकेंगी। पहले दिन प्रतिभागियों को मिलेट प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया ।

इस दौरान डॉ. पायल तलेसरा एवं योगिता पालीवाल द्वारा मिलेट जैसे रागी व बाजरा की चॉकलेट बनाने की तकनीक सिखाई गई। इसके साथ ही, परियोजना में कार्यरत मशीनिस्ट सुश्री चित्राक्षी कछवाहा ने मिलेट और मसाला प्रसंस्करण मशीनों के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन मशीनों का उपयोग करकेकिसानों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए मोटे अनाजो काप्रसंकरण करना आसान हो जायेगा, जिससे आय के नए स्त्रोत भी विकसित किए जा सकते हैं। डॉ. पायल तलेसरा द्वारा उत्पादों के विपणन, पैकेजिंग तथा लेबलिंग की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मिलेट से बने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जिससे किसानों और प्रशिक्षणार्थियों ने मिलेट से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के विषय में जानकारी प्राप्त की। कार्यऋम का समापन प्रतिभागियों को प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए हुआ।

## पखवाड़े पर इन्डोर वार्ड में की साफ-सफाई

**उदयपुर** । पशुओं को संक्रामक रोगों से मुक्त रखने एवं रक्त परजीवी रोगों से बचाव की दृष्टि से पशु कल्याण पखवाड़े के तहत सोमवार को बहुउद्देशीय पशुचिकित्सालय में रोगग्रस्त पशु को भर्ती करने के लिए बनाए गए इन्डोर वार्ड की साफ-सफाई की गई। साथ ही रोगग्रस्त पशुओं की सेवा सुश्रुषा की गई।

पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि पशु के बैठने के स्थान एवं आवास की स्वच्छता का ध्यान देकर उन पशुओं को रोग से मुक्त रखकर एवं स्वच्छ उत्पादन प्राप्त कर पशु का ही कल्याण करते है। संस्थान की वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पदमा मील ने पशु आवास की वैज्ञानिक विधियों की जानकारियां दी । पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने पशुगृह स्वच्छता का संकल्प लेते हुए इसके व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही।

## गणतंत्र दिवस पर 50 लाख की लागत से होगा ड्रोन शो

**उदयपुर,** । राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उदयपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह में मेवाड़ और राजपूताने के सांस्कृतिक वैभव, मेवाड़ की आबोहवा में घूले राष्ट्रप्रेम तथा भारतीय सेना के सैन्य शौर्य का दिग्दर्शन होगा। वहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर फतहसागर की पाल पर ड्रोन शॉ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। ड्रोन शॉ के माध्यम से फतहसागर झील के किनारे सतरंगी आभा बिखरेगी। वहीं घुड़सवारी शॉ भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की मेजबानी उदयपुर को मिलने के बाद से ही जिला प्रशासन के निर्देशन में अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम आयोजन को पूर्ण गरिमामय रूप से तथा अभूतपूर्व ढंग से आयोजित करने को लेकर माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि 26 जनवरी को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गांधी ग्राउण्ड में प्रस्तावित है। इसमें माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ध्वजारोहण करेंगे। इससे पूर्व 25 जनवरी को शाम 4 बजे सहेलियो की बाड़ी में एट होम तथा शाम 6 बजे फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक संध्या प्रस्तावित है।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 25 जनवरी को फतहसागर की पाल पर प्रस्तावित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों की ओर से राजस्थान की सांस्कृतिक विरासतों से प्रोतओत प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा फतहसागर की पाल पर 50 लाख रूपए की लागत से ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा।

# तृतीय सौंपान प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**डूंगरपुर।** राजस्थान स्काऊट गाईड संघ डूंगरपुर के तत्वावधान में द्वितीय, तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पी.पाल बडा में पीओ गामडी देवल, पालगामडी, देवल, पालगामडी, बटका फला मनात फला, पालवडा, भुवाली, पाल देवल, देवल खास, से 10 स्काउट गाईड ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में स्कॉउट गाईड के सचिव भेरुलाल का पाथेय प्राप्त हुआ परिचय सत्र के पश्चात ध्वजारोहण स्थानीय विद्यालय के बाईस प्रिसिपल जगदीश परमार द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में यशोदा मैडम, संतोष दक्षा कलाल, बाबुलाल पण्डवाला, हरीश महेन्द डामोर, राजेन्द्र मंजुला, सुमित्रा, अनिता डामोर, हरिराम डामोर कार्यऋम शिविर संचालक गौतम कटारा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ एवं आभार बाबुलाल पण्डवाला ने किया। सचिव भैरूलाल ने स्काऊट गाइड की स्थापना कार्य की विस्तृत जानकारी सासा यशोदा गरासिया मैडम ने स्काउट, के नियम प्रार्थना, स्पेशियल ताली का अभ्यास करवाया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.)-21-24-25 **कार्य का नाम** : All Div.: Provision of desert coolers at Railway Hospital Ajmer, Railway Station Ajmer & Dy. CAO(TA), Sr. AFA(NWR) & Construction office GLO area on hiring basis for the period of 04 years. **अनुमानित लागत** : रू. 54,22,007/- **बयाना राशि** :रू.1,08,500/- **ई निविदायें बंद होने की तिथि** : 11.02.25 **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.)-22-24-25 **कार्य का नाम** : All Div.: Provision of desert coolers at Udaipur section, Bhilwara & Beawar section on hiring basis for the period of 04 years. **अनुमानित लागत** : रू. 1,06,28,969/- **बयाना राशि** : रू. 2,03,200/- **ई निविदायें बंद होने की तिथि** : 11.02.25 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : www.ireps.gov.in 80-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# बैठक में लिया 25 हजार वृक्ष लगाने का प्रण

**उदयपुर,** । णमोकार संस्था उदयपुर की एक अनूठी संस्था है जो की पर्यावरण की चिंता के साथ पर्यावरण को हराभरा बनाने, स्वच्छ सुन्दर बनाने का कार्य लम्बे समय से करती आ रही है।इसी क्रम में सोमवार को बैठक राखी गयी। संस्था के मुख्य संयोजक मुकेश जैन ने बताया कि, णमोकार संस्था जो की पर्यावरण को लेकर शहर के मुख्य मार्गों पर वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। पर्यावरण संरक्षण हेतु जनता को शुद्ध वायु मिले इस उद्देश्य को लेकर वह वृक्षारोपण का कार्य करती है। यह एक जनसेवा का कार्य है। कॉविड की महामारी में भी ऑक्सीजन का महत्व समझा था। पर्यावरण शुद्ध होगा तो बहुत सारी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। शुद्ध वायु मानव जीवन के लिए आवश्यक तत्व है। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री ने भी पर्यावरण को शुद्ध बनाने हेतु 7 करोड पेड लगाकर जानसेवा का अनूठा उदाहरण पेश किया है। णमोकार संस्था लंबे समय से पर्यावरण का संरक्षण का कार्य कर रही है जो की जानसेवा से जुडा है। इसी विषय को लेकर जनभागीदारी को पर्यावरण से जोडने के लिए एक अनोखी पहल की जा रही है। णमोकार संस्था उदयपुर शहर में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहती है। इस उद्देश्य से वह आमजन को भी संस्था से जोडना चाहते हैं जो भी व्यक्ति वृक्षारोपण के पवित्र कार्य में जुडना चाहता है वह प्रतिमा अपनी भागीदारी राशि संस्था को दे सकता है। इस राशि का सदुपयोग पर्यावरण को सुरक्षित रखने,नए वृक्ष लगाने साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिचित करने के लिए किया जाएगा। मुकेश जैन ने आगे बताया कि इस संबंध में एक बैठक संस्था द्वारा रखी गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया कि संस्था 25 हजार वृक्ष लगाएगी साथ ही ट्रि गार्ड की व्यवस्था भी करेगी एवं इन व्रक्षों की सार संभाल 2 साल तक की जाएगी। यह वृक्ष 10 से 12 फीट की लंबाई के होंगे।दिलीप जैन ने बताया की वृक्ष केवल हमें सांस ही नहीं देते अपितू हमारे जीवन की सांसों को बढाते भी है।


प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 7078 दिनांक :20/01/2025

**लोक-सूचना**

श्री आनन्दीलाल पिता श्री गणेशलाल कुमावत निवासी नेयर द्वारकेश गौ-शाला आसोटिया द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | आसोटिया | 1732/119 | रकबा 0.0558 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 7082 दिनांक :20/01/2025

**लोक-सूचना**

श्री जवाहरलाल पिता श्री चुना जाट निवासी 29, तरसिंगड़ा तहसील कुवारिया जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | तरसिंगड़ा | 115/2 | रकबा 0.2671हैक्टेयर में से रकबा 0.1488 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**


# कलेक्टर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामीणों ने सोपा ज्ञापन

**भीम।** राजस्थान सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अधिसूचना अनुसार नवीन ग्राम पंचायतो के गठन के लिए कालेटरा ग्राम को ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर कालेटरा, सुनारकुड़ी एवम् उण्डावासन के ग्रामवासी ने जिला कलेक्टर राजसमन्द को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया की वर्ष 2011 कि जनसंख्या के आधार पर तीनो राजस्व ग्राम की कुल 3240 है एवं उण्डावासन ग्राम वर्तमान में ताल ग्राम पंचायत में हैं एवं इसकी पंचायत मुख्यालय से दुरी 8 किलोमीटर होकर देवगढ़ तहसील मुख्यालय से 37 किलोमीटर की दूरी है। वही ग्राम कालेटरा एवं सुनारकुडी वर्तमान में कुकरखेडा में है जो लगभग 4 किलोमीटर कि दुरी होकर राष्ट्रीय हाईवे को क्रोस कर ग्रामीणो को पंचायत मुख्यालय पर जाना होता है। वही राज्य सरकार के तय मानक अनुसार वर्ष 2011 की जनसंख्या अनुसार नयुनतम जनसंख्या 3000 एव अधिकतम 5500 है। अधिसूचना में नवीन ग्राम पंचायत में शामिल होने के लिए सम्पूर्ण राजस्व गाँव को सम्मिलित किया जायेगा एवं राजस्व गाँव एक ही विधानसभा के होना आवश्यक है व इनकी दुरी 6 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। उपरोक्त सभी शर्तें कालेटरा नवीन ग्राम पंचायत पूर्ण करता है। वहीं दूसरी और थानेटा पंचायत के भुरसिंह प्रभुसिंह सोहनसिंह बाबूसिंह जीवनसिंह जुगराजसिंह जेतसिंह दीपसिंह मिट्ठूसिंह कालूसिंह खुमाराम गोविंदसिंह लालसिंह किशनसिंह दौलतसिंह कालूसिंह मोहनसिंह आदि सहित सैकड़ो ग्रामवासीयो ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राजस्व ग्राम मियालाखेत, बड़ों की रेल, परती का चौडा आदि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान ग्राम पंचायत थानेटा में बने पंचायत सेवा केन्द्र से उपली बडो की रेल, परती का चौडा, नियाला खंत गांव के वार्ड से सरेली घाटी कि दूरी 6-7 किमीहै।

